## सार-समाचार

### क्विज प्रतियोगिता का आयोजन



**उदयपुर, (कासं)।** गीतांजली मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल, उदयपुर के सामुदायिक चिकित्सा विभाग द्वारा विश्व स्वास्थ्य दिवस 2025 का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। इस कार्यक्रम का नेतृत्व विभागाध्यक्ष डॉ. मुकुल दीक्षित ने किया। इस अवसर पर एक राष्ट्रीय यूजी क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें प्रारंभिक चरण में संस्थान के 261 अंडरग्रेजुएट छात्रों ने भाग लिया। अंतिम चरण में चयनित चार टीमों (प्रत्येक में तीन छात्र) ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपने ज्ञान व कौशल का प्रदर्शन किया। क्विज का संचालन डॉ. अंजना वर्मा एवं डॉ. मेधा माथुर ने किया, तथा नोडल अधिकारी के रूप में डॉ. अमित कुमार रहे। कार्यक्रम के निर्णायक डॉ. अंजना वर्मा (प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष, प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग) और डॉ. संजय मंडोत (प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष, बाल रोग विभाग) थे। आयोजन को सफल बनाने में डॉ. हेमलता मित्तल, डॉ. ज्योति जैन, डॉ. भागराज चौधरी, डॉ. सुरेश चौधरी, डॉ. अभिषेक कुमार, डॉ. अंशिका जैन, डॉ. विचित्रा शर्मा, डॉ. प्रखर शर्मा, डॉ. हरलीन, डॉ. मोनिका, डॉ. चिन्मय का विशेष सहयोग रहा। संचालन डॉ. दिलशानो ने किया। समापन पर डीन डॉ. संगीता गुप्ता द्वारा विजेता प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र एवं मेडल वितरित किए गए। स्वस्थ शुरुआत, आशावान भविष्य थीम पर आधारित पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में 245 छात्रों ने अपनी कला प्रतिभा का प्रदर्शन किया। साथ ही रंगोली और रील मेकिंग प्रतियोगिताएं भी हुई।

### बाइकों की भिडंत में तीन घायल

**डूंगरपुर, (निसं)।** कोतवाली थाना क्षेत्र के सोनिया चौक में 2 बाइक आमने सामने टकरा गई। हादसे में दोनों की बाइक क्षतिग्रस्त हो गई। 3 युवक घायल हो गए। तीनों घायलों को अस्पताल में भर्ती कर इलाज शुरू कर दिया है। वहींए रात को लोगों की भीड अस्पताल ने जुट गई। कोतवाली थाना क्षेत्र में सोनिया चौक में देर रात को एक्सीडेंट हुआ। शहर के फौज का बडला निवासी कुणाल पुत्र विशाल दर्जी और उसका दोस्त पुनीत पुत्र कमलेश पहाड दोनों की रामनवमी की शोभायात्रा के बाद बदल महल पर महाप्रसाद में गए थे। सेवा कार्य और प्रसाद लेने के बाद दोनों रात के समय लेकर वापस अपने घर की तरफ जा रहे थे। उसी समय सोनिया चौक के पास तेज रफ्तार बुलेट ने टक्कर मार दी। हादसे में दोनों गाडिया क्षतिग्रस्त हो गई। कुणाल और पुनीत के अलावा बुलेट आर सवार मोहम्मद अनीस पुत्र मोहसिन अहमद निवासी मोहल्ला घाटी घायल हो गए। हादसे के बाद लोग इकट्ठे हो गए। वहीं, तीनों घायलों को डूंगरपुर अस्पताल लेकर गए। अस्पताल में भी दोनों पक्षों के लोगो की भीड लग गई। सूचना पर कोतवाली पुलिस भी पहुंच गई। मौके पर लोगो की भीड को देखते हुए पुलिस तैनात कर दी गई। तीनो घायलों का अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस ने दोनों बाइक को जब्त कर लिया है। फिलहाल पुलिस घटना को लेकर जांच कर रही है।

### कार्यकर्ता सम्मेलन कल

**कपासन, (निसं)।** भारतीय जनता पार्टी विधानसभा क्षेत्र कपासन का कार्यकर्ता सम्मेलन 9 अप्रेल बुधवार को सांय 4 बजे ऐस आर वाटिका में होगा। भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष पंकज सिरोया ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस पखवाड़े के तहत विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन में सांसद सीपी जोशी, सहकारीता मंत्री गौतम दक, सांसद सीपी जोशी, निम्बाहेडा विधायक श्री चंद कृपलानी, बेगू विधायक डॉक्टर सुरेश धाकड, भाजपा जिला अध्यक्ष रतनलाल गाडरी अतिथि होंगे। सम्मेलन की अध्यक्षता विधायक कपासन अर्जुन लाल जीनगर करेंगे। सम्मेलन की तैयारी को लेकर सोमवार को विधायक कार्यालय पर विधायक अर्जुन लाल जीनगर के निर्देशन में बैठक हुई। बैठक में ठाामीण मंडल अध्यक्ष दिनेश पाराशर, शनि महाराज मंडल अध्यक्ष रतन नाथ योगी, नगर मंडल अध्यक्ष पंकज सिरोया ,ठााम सेवा सहकारी समिति के अध्यक्ष नंदकिशोर टेलर, पूर्व अध्यक्ष शंभू लाल जाट, युवा मोर्चा अध्यक्ष विकास बारेगामा ,मंडल महामंत्री सोहन खटीक, अशोक विजयवर्गीय, शंभू बागड़ा ,आशीष सोनी, कैलाश अहीर, मनीष बारेगामा, अशोक शर्मा, प्रतीक वैष्णव आदि को कार्यक्रम की जिम्मेदारी दी। बैठक में सुरेंद्र सिंह , प्रवीण दाधीच, मुकेश पायक, प्रकाश जाट, अंकित सुखवाल, रतन कचोलिया आदि उपस्थित थे।

### 'झंडे फहराने से विकास नहीं होता'

**उदयपुर, (कासं)।** राजस्थान की सियासत में जुबानी जंग और तेज हो गई है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने सोमवार को डबोक एयरपोर्ट पर मीडिया से बात करते हुए भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड और राज्य सरकार पर तीखा हमला बोला। डोटासरा ने राठौड की नेतृत्व क्षमता पर सवाल उठाते हुए कहा कि छह से आठ महीने हो गए, कोई विजन नहीं दिखा। छतों पर झंडे फहराना विकास नहीं है यह सिर्फ दिखावा है।डोटासरा ने कहा कि भाजपा की मौजूदा सरकार जनता से किए वादों को निभाने में पूरी तरह विफल रही है। डेढ़ साल में एक भी संकल्प पूरा नहीं हुआ। मुख्यमंत्री सिर्फ भाषणों में व्यस्त हंद और वो भी दिल्ली से आई स्क्रिप्ट पढ रहे हैं। ब्यूरोक्रेसी सरकार पर पूरी तरह हावी है। डोटासरा ने प्रदेश में बढते अपराध और बेरोजगारी पर भी सरकार को कठघरे में खडा किया। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार चरम पर है, अपराधियों के हौसले बुलंद हैं और सरकार जवाबदेही से बच रही है। भाजपा लाखों नौकरियों की बात करती है लेकिन धरातल पर कुछ हजार भर्तियों से ही काम चलाया जा रहा है। ये नौटंकी करने वाले लोग हैं। हमारे समय मुस्लिम समुदाय से लेकर 36 कौम का विकास हुआ है, ये तो अभी आए हैं।

### सप्तम पोषण पखवाड़ा आज से

**उदयपुर, (कासं)।** सातवां पोषण पखवाड़ा 8 से 22 अप्रेल तक मनाया जाएगा। पोषण पखवाड़े के तहत उदयपुर जिले में जिला कलक्टर नमित मेहता के निर्देशन में सभी संबद्ध विभागों के समन्वय से विविध गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। जिला परिषद की मुख्य कार्यवाही अधिकारी रिया डाबी ने बताया कि पोषण पखवाड़े के तहत भारत सरकार की ओर से निर्धारित चार प्रमुख थीम जीवन के पहले 1000 दिनों पर ध्यान केंद्रित करने, पोषण ट्रेकर में लाभार्थी मॉड्यूल का लोकप्रियकरण, सीएमएएम मॉड्यूल के माध्यम से कुपोषण का प्रबंधन तथा बच्चों में मोटपे से निपटने के लिए स्वस्थ जीवन शैली पर आधारित जागरूकता गतिविधियां होंगी। सीईओ ने बताया कि 8 अप्रेल को उद्घाटन समारोह, साइकिल रैली, प्रभात फेरी, नारा लेखन, विशेष सुपोषण दिवस आयोजन, 9 अप्रेल को गृह भ्रमण, 10 अप्रेल को गर्भवती माताओं और शिशुओं की एंथ्रोपोमेट्रिक माप व स्वस्थ शिशु प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा।

### ओ.पी.डी. परिसर का शुभारम्भ

**उदयपुर, (कासं)।** पेसिफिक मेडीकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल में आज ईएनटी विभाग के नवीनीकृत ओ.पी.डी. परिसर का उद्घाटन हुआ।हाईटेक सुविधाओ से सुसज्जित ओपीडी परिसर का पीएमसीएच के चेयरमैन राहुल अग्रवाल, सीईओ शरद कोठारी, पीएमयू के प्रेसिडेन्ट डॉ. एम.एम. मंगल, पीएमसीएच के प्रिंसिपल डॉ. उम्मेद सिंह परिहार, ईएनटी विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. रिचा गुप्ता और डॉ. शिव कौशिक ने विधिवत उद्घाटन किया। इस अवसर पर पीएमसीएच के चेयरमैन राहुल अग्रवाल ने कहा कि इस नवीनीकृत ओ.पी.डी. में नाक, कान और गला रोगो के उपचार के अत्याधुनिक चिकित्सा सुविधा प्रदान की जाएगी। इस मौके पर पीएमसीएच के सभी विभागों के विभागाध्यक्ष, मेडिकल स्टाफ और अन्य अतिथिगण भी उपस्थित थे।

### श्रमिक ने की आत्महत्या

**उदयपुर, (कासं)।** अंबामाता थाना क्षेत्र में श्रमिक ने फांसी लगा आत्महत्या कर ली। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार अम्बामात थाना क्षैत्र ओड़ बस्ती निवासी संजय (19) पुत्र हीरालाल गमेती ने रविवार सांय अपने मकान में फांसी लगा आत्महत्या कर ली। इसकी सूचना मिलने पर एएसआई सज्जनसिंह ने मृतक का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया। संजय मजदूरी करता था एवं शराब पीने का आदी थी। आत्महत्या करने के कारणों का पता नहीं चल पाया। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की।

# शिक्षकों ने तबादले सहित विभिन्न मांगों को लेकर किया प्रदर्शन



राजसमंद में तृतीय श्रेणी अध्यापक तबादले सहित विभिन्न मांगो को लेकर हाथों पर काली पट्टी बांध का विरोध प्रदर्शन करते शिक्षक।

**राजसमंद, ०(निसं)।** तृतीय श्रेणी अध्यापक तबादले खोलने, पारदर्शी स्थानांतरण नीति बनाने और तृतीय श्रेणी अध्यापक डीपीसी की मांग को लेकर सोमवार को राजस्थान शिक्षक संघ एकीकृत की ओर से काली पट्टी बांधकर सरकार के सामने विरोध दर्ज कराया।

राजस्थान शिक्षक संघ एकीकृत की प्रदेश इकाई द्वारा बैठक आयोजित की गई, जिसमें यह निर्णय लिया गया था की सरकार तृतीय श्रेणी अध्यापकों के तबादला नहीं खोल रही हैं, जबकि सरकार द्वारा तबादला खोलने का वादा किया गया था। प्रदेशाध्यक्ष गिरिराज शर्मा ने कहा कि सरकार अपना वादा भूल गई हैं। सरकार पारदर्शी स्थानांतरण नीति की बात करती हैं लेकिन उस पर कार्य नहीं करती अगर सरकार पारदर्शी स्थानांतरण नीति को लेकर आती हैं तो कई समस्याओं का हल एक साथ हो जाएगा।

प्रदेश महामंत्री डॉ रनजीत मीणा ने कहा कि शिक्षा मंत्री मदन दिलावर द्वारा जनवरी माह में जब सभी विभागों में स्थानांतरण खोले जा रहे थे तब कहा था कि अध्यापकों के तबादले 15 मार्च के बाद होंगे। अब जब बोर्ड परीक्षाएं खत्म हो गई हैं तो शिक्षक सरकार के सामने पूरे प्रदेश में काली पट्टी बांध कर अपना विरोध दर्ज करा रहे हैं, तृतीय श्रेणी शिक्षक को हर दिन अपमानित किया जा रहा हैं, जबकि ये विद्यालयी शिक्षा की नींव है। प्रदेश संगठन महामंत्री चंद्रभान चौधरी ने कहा कि तृतीय श्रेणी अध्यापकों की सरकार डीपीसी करती है तो आधे तबादले नहीं करने पडेंगे और जो रिक्त पद पडे हुए हैं वो भी भर जाएंगे जिससे विद्यालयों को शिक्षक मिल जाएंगे। सरकार तृतीय श्रेणी अध्यापकों को छोडकर सबकी डीपीसी कर रही है। जिलाध्यक्ष महेश कुमार शेरावत ने बताया कि जिले में अध्यापक व अध्यापिकाओं ने शिक्षक संघ एकीकृत के इस आंदोलन में भाग लिया।

सबने लम्बे समय से तबादले नहीं होने का दर्द सरकार के सामने रखा। जिला महामंत्री बाबूलाल ऐचरा, संगठन मंत्री दिनेश जांगिड, सत्येंद्र गुर्जर, महेंद्र निठारवाल, भजनलाल, मोहम्मद शहिद, सियाराम मीणा, वकील सहित सैकडो शिक्षकों ने इस प्रतीकात्मक विरोध आंदोलन में अपनी भागीदारी निभाई। यह आंदोलन मांग पूरी नहीं होने तक विभिन्न चरणों में अनवरत जारी रहेगा।

## वेबसाइट लॉन्च

**उदयपुर, (कासं)।** पेसिफिक इंस्टीटयूट ऑफ मेडिकल साइंसेज में विश्व स्वास्थ्य दिवस का आयोजन हुआ। इस वर्ष की थीम स्वस्थ शुरूआत, उज्जवल भविष्य रही जिसमें छात्रों, शिक्षको ओर कर्मचारियों ने भाग लिया जिससे स्वास्थ्य के महत्व का संदेश व्यापक रूप से फैलाया। कालेज परिसर मे क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।प्रतियोगिता के अन्तर्गत स्वास्थ्य और कल्याण से जुडे विभिन्न पहलुओं पर प्रश्न पूछे गए जिसमे एम.बी.बी.एस. छात्रों ने भाग लिया। चेयरमेन आशीष अग्रवाल द्वारा आगामी पीडियाट्रीक इन्टरनेशनल कांफ्रेंस उदयनियोकॉन 2025 की वेबसाईट लान्च की गयी। प्राचार्य डॉ. सुरेश गोयल ने छात्रों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया।

# गिट्स व माइल 2 यू. एस. ए. कंपनी के बीच साइबर सुरक्षा पर करार

**उदयपुर, (कासं)।** गीतांजलि इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्निकल स्टडीज डबोक एवं प्रमुख एमएनसी कंपनी माइल 2 यू एस ए के बीच साइबर सुरक्षा पर करार हुआ. इस करार का उद्देश्य छात्रों को साइबर से होने वाले खतरों से अवगत कराना हैऔर इस डोमेन में ट्रेनिंग प्रदान करना है।

संस्थान के निदेशक डॉ एस एम प्रसन्ना कुमार ने बताया कि आज के डिजिटल युग में जहां हमारी जिंदगी का हर पहलू इंटरनेट से जुडा है ऐसे में साइबर सुरक्षा की जागरूकता महत्वपूर्ण हो गई है आजकल बैंकिंग, खरीदारी से लेकर संचार आदि सब कुछ गतिविधियां ऑनलाइन हो गई है ।जिसे साइबर साइबर स्पेस हमारी निर्भरता बढ गई है जिससे व्यक्तिगत डेटा के साथ-साथ संगठात्मक डाटा और सिस्टम पर खतरा उत्पन्न हो गया है, ऐसे में विद्यार्थियों के साथ-साथ फैकल्टी मेंबर्स को साइबर सुरक्षा से अवगत कराने के लिए यह करार किया गया. इस दिशा में माइल 2 कंपनी के प्रतिनिधि श्री अरिंदम पॉल ने समझौता प्रपत्रों पर हस्ताक्षर किए। इस के माध्यम से छात्रों को हैंड्स आन ट्रेनिंग, एक्सपर्ट मार्गदर्शन तथा अंतरराष्ट्रीय मान्यता प्राप्त प्रमाण पत्र प्रदान किए जाएंगे। कंप्यूटर साइंस इंजीनियर विभागाध्यक्ष डॉ मयंक पटेल के अनुसार इस करारक्वसे छात्र भविष्य में वास्तविक जीवन में साइबर सुरक्षा आधारित चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार हो जाएंगे साथ ही नौकरी , इंटर्नशिप एवं एंटरप्रेन्योरशिप की संभावनाएं काफी हद तक बढ जाएगी। इस करार के तहत गिट्स को माइल 2 कंपनी के द्वारा 13 साइबर सिक्योरिटी सॉफ्टवेयर विभाग के सेंटर हाफ एक्सीलेंस को प्रदान किए गए।वित्त नियंत्रक बी एल जांगिड ने कहा कि यह साझेदारी कॉलेज के छात्रों के लिए साबित सुरक्षा के क्षेत्र में मजबूत आधार प्रदान करने की दिशा में एक बडा कदम है संचालन डॉ रुचि व्यास ने किया।

# योग को बनायें जीवन का हिस्सा : प्रो. सारंगदेवोत

**विद्यापीठ में चिकित्सा शिविर का हुआ आयोजन**

**उदयपुर, (कासं)।** विश्व स्वास्थ दिवस पर जनार्दन राय नगर राजस्थान विद्यापीठ के संघटक होम्योपैथी चिकित्सा महाविद्यालय की ओर से लोकमान्य तिलक शिक्षण प्रशिक्षण महाविद्यालय में विद्यार्थियों के लिए स्वास्थ्य जांच प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया।

महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. सरोज गर्ग ने बताया कि इस अवसर पर विद्यार्थियों को स्वास्थ्य संबंधी जानकारी प्रदान करना एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए कुलपति प्रो. एस.एस. सारंगदेवोत ने कहा कि वे अपने स्वास्थ के प्रति जागरूक रहे व योग को अपने जीवन का हिस्सा बनाये। योग से पूरा शरीर स्वस्थ रहता है और इम्युनिटी पॉवर बढ़ती है, जिसका उदाहरण हमें कोरोना में देखने को मिला। शिविर में होम्योपैथिक महाविद्यालय की चिकित्सालय दल ने अध्यापकों एवं विद्यार्थियों के स्वास्थ्य का परीक्षण किया, जिसमें मुख्य रूप से बीपी, बढ़ता वजन, ऑक्सीजन स्टार पल्स रेट एवं शरीर से जुडी महत्वपूर्ण झांसी करवाई गई। शिविर में 98 रजिस्ट्रेशन हुए जिसमें 38 छात्र 60 छात्राएं शामिल है इसके अतिरिक्त महाविद्यालय संकाय सदस्यों एवं मौके पर उपस्थित ग्रामीणों का भी स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। शिविर में डॉ. निवेदिता, डॉ. लीली जैन, डॉ. बबीता रशीद,डॉ अजीता, डॉ. राजन सूद, डॉ. नवीन कुमार विश्नोई, डॉ. एजाज हुसैन, डॉ. गौतम दास, डॉ. सुमित्रा ढाका ने अपनी सेवाएं दी। इस अवसर पर विद्यार्थियों को स्वस्थ शुरूआत - आशावान भविष्य की शपथ दिलाई।

## कलेक्ट्री में हथियारनुमा वस्तु लेकर घुसा वृद्ध

**उदयपुर,(कासं)।** शहर के देहलीगेट स्थित कलेक्ट्री परिसर में सोमवार को एक वृद्ध हथियारनुमा वस्तु लेकर घुस गया और शासन प्रशासन के खिलाफ बोलता रहा। पुलिस ने वृद्ध को हिरासत में लिया है। जानकारी के अनुसार सोमवार को शासन प्रशासन के खिलाफ बोलते हुए वृद्ध के कलक्ट्री कार्यालय में घुसने की सूचना मिली।पुलिस जाप्ते ने मौके पर पहुंच कर निकल व बनियान पहने वृद्ध को समझाईश कर पुलिस जीप में बिठा कर थाने ले गए। जीप में बैठने के दौरान वृद्ध शासन प्रशासन के खिलाफ बोल रहा था। जिसे थाने ले जाकर पूछताछ के बाद उसके मानसिक रोगी होने की संभावना के चलते परिजनों को बुला कर उन्हें सौंपा।

## समीक्षा बैठक

**डूंगरपुर, (निसं)।** ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग की विभिन्न योजनाओं समीक्षा जिला कलक्टर अंकित कुमार सिंह एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी हनुमान सिंह राठौड की उपस्थिति में ईडीपी सभागार में आयोजित हुई। बैठक में जिला कलक्टर अंकित कुमार सिंह ने योजना के क्रियान्वयन में आ रही प्रमुख समस्याओं की जानकारी लेते हुए सभी विकास अधिकारी को त्वरित निस्तारण करने के निर्देश दिए साथ ही जिले के सहायक अभियंता एवम योजनाओं से संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि स्वीकृत कार्यो को समय पर पूर्ण करें। जो कार्य अपूर्ण कार्य है, उन कार्यों पर श्रमिक नियोजित करते हुए समय पर पूर्ण करें।

# मनरेगा व अपर हाई केवल केनाल को लेकर दिया ज्ञापन

**बांसवाड़ा, (निसं)।** क्षेत्र की समस्याओं के निदान और अधिकारों को दिलाने के लिये जरूरत पडी तो कपडे उतारकर भी सडक पर उतरूंगा लेकिन जनता को जागरूक होकर साथ देना होगा। उक्त उद्गार विधायक अर्जुन सिंह बामनिया ने मनरेगा, अपर हाई केवल केनाल और परिसीमन जैसे मुद्दों पर पार्टी कार्यालय के बाहर जनसभा में व्यक्त किये।

बामनिया ने कहा कि मौजुदा केन्द्र तथा राज्य सरकार मनरेगा योजना को धीरे-धीरे कमजोर कर समाप्त करने की कोशिश कर रही है। जिले में मनरेगा में लोगो को पर्याप्त रोजगार नहीं मिल रहा है मजबूरन पलायन करना पड रहा है। जिन श्रमिको ने पूर्व में काम किया हुआ है उनकी मजदूरी का भुगतान बकाया है, पंचायतो के कार्य पूर्ण होने के बाद भी उनकी सामग्री मद की राशि का भुगतान बकाया है, पक्के कार्य का भुगतान नहीं किया गया है, भेदभाव पूर्ण तरीके से कार्यो की स्वीकृति दी जाती है, व्यक्तिगत कार्य केटलशेड, कुआ आदि कार्यो की स्वीकृति जारी नहीं की जा रही है इस तरह से अनेक ऐसी कई अनियमितता है जिसकी वजह से गरीब, मजदूर और आम जनता काफी परेशान है। उन्होंने बताया कि छात्रवृत्ति की समस्याओं को लेकर 20 तारीख को फिर सडको पर उतरा जायेगा। घाटोल विधायक नानालाल निनामा ने कहा कि कांग्रेस शासनकाल में जनकल्याणकारी योजनाएं बनाई गयी थी और उसका लाभ भी जिम्मेदारी से जन-जन तक पहुंचाया जा रहा था लेकिन ये सरकार जब से आयी है जनता के अधिकारों पर कुठाराघात कर रही है।

# निगम द्वारा किये जा रहे परिसीमन के विरोध में ग्रामीणों का प्रदर्शन

**उदयपुर, (कासं)।** राज्य सरकार की ओर से नगर निगम के परिसीमन में कुल 48 गांवो को शामिल करने के बाद ग्राम पंचायत कानपुर, मटुन सहित आसपास की पंचायतों में विरोध देखने को मिल रहा है। सरकार की ओर से जारी आदेश के बाद लगातार विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है। सोमवार को कानपुर सहित आसपास के पंचायतों में दुकानों को बंद करने के बाद सैकड़ो ग्रामीण जिला कलेक्ट्री पहुंचे और विरोध प्रदर्शन किया।

इस अवसर पर कानपुर के पूर्व उपसरपंच मदनलाल डांगी ने बताया कि सरकार और प्रशासन ने ग्रामीणों को बिना जानकारी व प्रस्ताव में लिए ही नगर निगम के परिसीमन में शामिल कर लिया है। कानपुर खरबडिया सहित 12 गांवो का क्षेत्र ग्रीन बेल्टए वेटलैंड एरिया में है यहां पर नगर विकास प्रन्यास की ओर से भी कोई विकास कार्य नहीं करवाए गए है।

ग्रामीणों ने कहा कि वे पंचायतीराज से खुश हैं। नगर निगम में लेने से पशुपालक किसान खेती और मजदूरों को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ेगा। वहीं टीएसपी पूर्णतया खत्म होने का अंदेशा है। हमारे गांव में अभी तक कोई बड़ी कॉलोनी या शहरीकरण की कोई आवश्यकता पड़े ऐसी कोई जरूरत नहीं है फिर भी प्रशासन की ओर से इन गांवो को नगर निगम की सीमा में शामिल कर दिया गया है।

कुछ ग्रामीणों ने आरोप भी लगाया कि ग्रामीण विधायक फूल सिंह मीणा का उदासीनता रवैया हजारों लोगों के भविष्य को खतरे में डाल सकता है। ग्रामीणों ने विरोध के बाद चेतावनी दी है कि अगर परिसीमन में बदलाव नहीं किया जाता है तो आगे बडे स्तर पर आंदोलन किया जाएगा।

ग्रामीणों ने कहा कि सरकार अगर अपनी हठधर्मिता नहीं छोडती है तो जल्द ही नेशनल हाइवे को जाम किया जाएगा। साथ ही वहां पर जानवरों को छोड दिया जाएगा। इसके अलावा जिला कलेक्ट्रेट पर टैक्ट्रर से कूंच की जाएगी ताकि शहर की यातायात व्यवस्था बाधित हो सकें। इसके बाद प्रशासन की नींद खुल जाए। ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन के चलते सबसे पहले अपनी दुकानों को बंद रखा। इसके बाद ग्रामीण कानपुर बस स्टेंड पर इकठ्ठा होकर जिला कलेक्ट्री पहुंचे। इससे पहले ग्रामीणों ने मार्ग में राज्य सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

## सार-समाचार

### तापमान 42 डिग्री के करीब

**उदयपुर, (कासं)।** प्रदेश में हीट वेव के अलर्ट के बीच झीलों का शहर भी लू की लपटों की चपेट में है और लगातार तीन दिनों से गर्म हवाओं के थपेड़ों ने लोगों को बेहाल कर दिया है। उदयपुर में भी इस बार गर्मी ने अपने रिकॉर्ड तोड़ते हुए अप्रेल माह में ही तापमान 42 डिठाी के करीब 41.9 पर पहुंच गया। दीवारों पर तपिश अब रात में भी देखी जा रही है। दिन में तेज हुई गर्माहट ने तापमान को भी गर्म कर दिया है। एक ही दिन में रात के तापमान में पांच डिग्री की बढोतरी हुई है। मौसम विभाग डबोक से मिली जानकारी के अनुसार सोमवार को शहर का अधिकतम तापमान 41.9 डिग्री व न्यूनतम तापमान 26.6 डिग्री रिकॉर्ड किया गया जो रविवार को क्रमशः 40.9 व 21.6 डिग्री था। हीट वेव का असर अभी आगामी तीन दिनों तक ओर रहेगा ऐसे में भीषण गर्मी का यह दौर इस सप्ताह में बना रहेगा। अचानक बढ़ी गर्मी से लोग डायरिया के शिकार हो रहे है ऐसे में लू के बचने के लिए लोगों को भरी दुपहरी में घरों से निकलने से बचना चाहिए। छतों पर लगी प्लास्टिक की टंकियों पर सीधी पड़ती धूप नलों में आ रहे पानी को गर्म कर रही है। इधर, मौसम विभाग जयपुर से प्रदेश के बीकानेर, जोधपुर सहित उदयपुर में भी आगामी दो दिनों हीटवेव व उष्णरात्रि का असर अधिकांश क्षेत्रों में बने रहने का अलर्ट जारी किया है। इधर, शहर में बढ़ती गर्मी के बीच अब जगह-जगह पर प्याऊ लगाई जाने लगी है। गर्मी से निजात के लिए लोगो सेवास्वरूप राहगीरों को पानी पिला रहे है। इधर, गर्मी के फल तरबूज, खरबूजा व ठंडे पेय पदार्थों की डिमांड भी बढ गई है। घरों में लगे पंखे बेसर होने लगे है और गर्माहट से राहत पाने अब कूलर व एयरकंडीशनर का लोग सहारा लेने लगे है।

### फर्जी एग्रीमेंट करने वाला हिस्ट्रीशीटर धरा

**उदयपुर, (कासं)।** धमकी देकर पीडित से लाखों रूपये वसूल कर फर्जी एठाीमेंट करने वाले हिस्ट्रीशिटर को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जिला पुलिस अधीक्षक उदयपुर योगेश गोयल ने बतायाकि नाई थाने के हिस्ट्रीशिटर दिलीपनाथ व साथियों द्वारा सुनियोजित षड़यंत्र के तहत सुखेर थाना क्षेत्र में पीडित को जबरन घर के बाहर से उठा कर जाने से मारने की धमकी देकर बडगांव तहसील कार्यालय ले गया। जहां जमीन का एठाीमेंट करा पीडित स्वयं को तथा उसकी बच्ची कोजान से मारने की धमकी देकर 35 लाख 50 हजार रूपये ऐंठने के मामले में सुखेर पुलिस थाने में दिलीपनाथ व साथियों के खिलाफ 121/25 प्रकरण दर्ज किया गया था। इस मामले में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गोपालस्वरूप मेवाड़ा के सुपरविजन में अनुसंधान अधिकारी सूर्यवीर सिंह के नेतृत्व में गठित दल ने अनुसंधान में मिले साक्ष्यों के आधार पर आरोपी नेरश वैष्णव पुत्र प्रेमदास वैष्णवस निवासी छोटा बेदला सुखेर को गिरफ्तार किया। आरोपी नरेश वैष्णव सुखेर पुलिस थाने का हिस्ट्रीशिटर है। इस मामले में दिलिपनाथ पुत्र नारायणनाथ निवासी सीसारमा, नरेश पालीवाल निवासी सज्जन नगर, निलंबित पुलिस कांस्टेबल विरेन्द्र सिंह , गजेन्द्र पुत्र लक्ष्मीलाल चौधरी निवासी अम्बामाता मंदिर के पिछे देवेन्द्र गायरी उर्फ डेबिड निवासी कालारोही, शंकरसिंह पुत्र हिरासिंह राजपूत निवासीब्राम्हणों का गुडा अम्बेरी, पिंटू कलाल निवासी मेहरों का गुड़ा, नारायणदास पुत्र घनदास वैष्णव सहित अन्य आरोपियों को नामजद कर तलाश शुरू की। आरोपी नरेश को न्यायालय में पेश किया। जहां से उसे तीन दिन के लिए पुलिस रिमाण्ड पर लिया है।

### धमकी देने का मामला दर्ज

**उदयपुर, (कासं)।** सूरजपोल थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ पीडिता को प्रकरण उठाने की धमकी देने का मामला दर्ज किया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडिता ने आरोपी जितेन्द्र सुथार पुत्र खेमराज सुथार निवासी तुलसी नगर भुवाणा के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें उसने बताया कि आरोपी के खिलाफ एक वर्ष पूर्व पीडिता ने 2024 में पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवाया था। उक्त मामले में गिरफ्तार होने के कुछ समय बाद जमानत पर जेल से रिहा होने के कुछ दिनों बाद आरोपी ने पीडिता को सोशल मीडिया पर मैसेज डाल पीडित को प्रकरण उठा लेने की धमकी दी। मामले में पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच सूरजपोल थाना एसआई प्रकाशचंद्र को सौंपी है।

### सूने मकान से नकदी चोरी

**उदयपुर, (कासं)।** शहर के गोवर्धन विलास थाना क्षेत्र में सूने मकान से चोर नकदी चुरा ले गए। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडिता मयंका दीक्षित पत्नी रामशार्म निवासी आरएचबी कॉलोनी हिरणमगरी सेक्टर 14 ने गोवर्धन विलास पुलिस थाने में अज्ञात चोर के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें उसने बताया कि 6 अप्रेल को सवेरे मंदिर दर्शन करने गई थी। जहां से वापस लौटी तो मकान का ताला टूटा हुआ एवं कमरों में सामान बिखरा पड़ा था तलाशी ली तो 70 हजार रूपये नकदी गायब थी।

### धोखे से नकदी हड़पी

**उदयपुर, (कासं)।** शहर के भुपालपुरा थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखे ऋण लेकर बैंक के साथ धोखाधड़ी करने का प्रकरण दर्ज किया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार यूनिवर्सीटी रोड़ स्थित एसबीआई बैंक शाखा प्रबंधक सतीश पुत्र कजोड़ाराम लूणिया ने आरोपी ललितमाथ पुत्र शंकरलालमाथ निवासी बंजारा बस्ती हिरणमगरी से.5 के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें उसने बताया कि आरोपी ने 21 दिसंबर 2022 को बैंक में आवेदन कर 5 लाख 25 हजार रूपये का पर्सनल लोन लिया था। कुछ समय बाद आरोपी ने किश्तें चुकाना बंद कर दिया। इस पर पड़ताल की तो आरोपी द्वारा दो अन्य बैंकों से ऋण लेने की जानकारी सामने आई। जबकि आरोपी ने एसबीआई बैंक को किसी अन्य बैंक से ऋण नहीं लेने का दस्तावेज दिया था जिसके आधार पर ऋण दिया। इस संबंध में संपर्क करने पर आरोपी ने कोई संतोषप्रद जवाब नहीं देकर टालमटोल करना शुरू कर दिया। भूपालपुरा थाना पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर लिया है।


( प्रपत्र संख्या-7 ) ( देखिये नियम 21 )

**राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 ( 2 ) के अधीन नोटिस**

**कार्यालय सहायक आयुक्त देवस्थान विभाग, उदयपुर**

**समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को**

मुकदमा नम्बर : DEV/UDAIPUR/TRUST/2024/41

चूंकि प्रार्थी श्री कांता, कालीघाटी पंडयावाड़ा सारदा उदयपुर राजस्थान ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17 (1) के अन्तर्गत प्रन्यास ग्राम विकास कोष कालीघाटी,कालीघाटी पंडयावाड़ा सारदा उदयपुर राजस्थान के सम्बन्ध में अग्रिम जांच किये जाने के लिए आवेदन-पत्र दिया है।

अत एव धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है।

में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए, यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां यदि कोई हो तो प्रस्तुत करें। और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां नहीं की गई तो उक्त आवेदन- पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।

आज दिनांक 19.03.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया। आइदा तारीख पेशी 10.06.2025

सहायक आयुक्त देवस्थान विभाग,उदयपुर

( प्रपत्र संख्या-7 ) ( देखिये नियम 21 )

**राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 ( 2 ) के अधीन नोटिस**

**कार्यालय सहायक आयुक्त देवस्थान विभाग, उदयपुर**

**समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को**

मुकदमा नम्बर : DEV/UDAIPUR/TRUST/2024/46

चूंकि प्रार्थी श्री सूरजमल मीना, टोकर सारदा कानपुर उदयपुर राजस्थान ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17 (1) के अन्तर्गत प्रन्यास ग्राम विकास कोष कानपुर टोकर सारदा कानपुर उदयपुर राजस्थान के सम्बन्ध में अग्रिम जांच किये जाने के लिए आवेदन-पत्र दिया है।

अत एव धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है।

में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए, यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां यदि कोई हो तो प्रस्तुत करें। और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां नहीं की गई तो उक्त आवेदन- पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।

आज दिनांक 19.03.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया। आइदा तारीख पेशी 10.06.2025

सहायक आयुक्त देवस्थान विभाग,उदयपुर

( प्रपत्र संख्या-7 ) ( देखिये नियम 21 )

**राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 ( 2 ) के अधीन नोटिस**

**कार्यालय सहायक आयुक्त देवस्थान विभाग, उदयपुर**

**समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को**

मुकदमा नम्बर : DEV/UDAIPUR/TRUST/2025/117

चूंकि प्रार्थी श्री नरेंद्र कुमार मीणा, दामदरा सेमारी उदयपुर राजस्थान ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17 (1) के अन्तर्गत प्रन्यास ग्राम विकास कोष दामदरा सेमारी उदयपुर राजस्थान के सम्बन्ध में अग्रिम जांच किये जाने के लिए आवेदन-पत्र दिया है।

अत एव धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है।

में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए, यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां यदि कोई हो तो प्रस्तुत करें। और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां नहीं की गई तो उक्त आवेदन -पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।

आज दिनांक 19.03.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया। आइदा तारीख पेशी 10.06.2025

सहायक आयुक्त देवस्थान विभाग,उदयपुर

( प्रपत्र संख्या-7 ) ( देखिये नियम 21 )

**राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 ( 2 ) के अधीन नोटिस**

**कार्यालय सहायक आयुक्त देवस्थान विभाग, उदयपुर**

**समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को**

मुकदमा नम्बर : DEV/UDAIPUR/TRUST/2024/29

चूंकि प्रार्थी श्री भोगीलाल, घाटा भोजना शक्तावतों का गुडा तहसील सेमारी सराडा सलूम्बर, उदयपुर राजस्थान ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17 (1) के अन्तर्गत प्रन्यास ग्राम विकास कोष घाटा भोजात फला , घाटा भोजना शक्तावतों का गुडा ताल से मारीडा सराडा सलूम्बर, उदयपुर राजस्थान के सम्बन्ध में अग्रिम जांच किये जाने के लिए आवेदन-पत्र दिया है। अत एव धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है।

में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए, यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां यदि कोई हो तो प्रस्तुत करें। और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां नहीं की गई तो उक्त आवेदन पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।

आज दिनांक 19.03.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया। आइदा तारीख पेशी 10.06.2025

सहायक आयुक्त देवस्थान विभाग,उदयपुर